महत्वपूर्ण एवं खास

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर (आरएनएस)। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सड्डू निवासी 22 वर्षीय प्रार्थिया ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि आरोपी धनराज यदु ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली पार

रायपुर (आरएनएस)। जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुनील कुमार हजारे 54 वर्ष हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनयू 7769 व ट्रॉली क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 1911 को जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की कीमत करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कोयला से लदी चलती ट्रेलर में अचानक लगी आग

कोरबा (आरएनएस)। जिले के दीपका थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। कोयला लदे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना दीपका खदान से गौरव पथ रोड की तरफ जाते समय की है। ट्रेलर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया। तेज रफ्तार के कारण वाहन काफी दूर जाकर रुका। चालक को आग की जानकारी मिलते ही उसने कंपनी को सूचित किया। मौके पर पानी टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार कोयला लदी मालगाड़ी और ट्रेलर में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। खदान में लोडिंग के दौरान बरती जा रही लापरवाही इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग को नियमित निगरानी करनी चाहिए। चैराहों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत डोंगरगढ़ में किया जा रहा सर्वेक्षण

राजनांदगांव । शासन के मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों की पहचान की जा रही है। इसी कड़ी में अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़ लता सिन्हा द्वारा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पेण्ड्री निवासी शांति वर्मा के कच्चे मकान का मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। लता सिन्हा ने संबंधितों से योजनांतर्गत सर्वेक्षण के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही शत-प्रतिशत पात्र परिवारों का सर्वेक्षण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी पात्र परिवार सर्वेक्षण में छूटना नहीं चाहिए। इसी तरह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़ हीराराम वर्मा द्वारा ग्राम बिजनापुर में लक्ष्मीबाई यादव एवं वीरेन्द्र कुमार के कच्चे मकान का मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों से आवास निर्माण के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन सहित रोजगार सहायक, आवास मित्र, सर्वेयर उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने 28 स्कूलों में स्मार्ट क्लास-रूम का किया शुभारंभ

स्मार्ट क्लास से विषयों को और अधिक अच्छे से समझ सकेंगे बच्चे, पढ़ाई में रुचि और सीखने की क्षमता बढ़ेगी – अरुण साव

रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज मुंगेली के लोरमी विकासखंड के 28 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास-रूम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोरमी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैगाकापा में आयोजित कार्यक्रम में सभी स्मार्ट क्लास-रूम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास-रूम में अध्ययन-अध्यापन की सुविधाओं को देखा और इसके लिए स्थापित किए गए तकनीकी उपकरणों की सराहना की। एचडीएफसी बैंक और एआरओ फाउंडेशन के सहयोग से स्कूलों में ये स्मार्ट क्लास-रूम बनाए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्मार्ट क्लास-रूम का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास-रूम से बच्चों की पढ़ाई में रुचि और सीखने की क्षमता बढ़ेगी। इसके जरिए वे अपने विषयों को और अधिक अच्छे से समझ सकेंगे। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को भी अध्ययन-अध्यापन की नई और प्रभावी तकनीकों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मार्ट क्लास-रूम आप लोगों के लिए बना है। सभी विद्यार्थी इसका सदुपयोग करते हुए विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत करें। उन्होंने स्मार्ट क्लास-रूम के शुभारंभ पर बधाई और शुभकामना दीं।

उप मुख्यमंत्री साव ने बैगाकापा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूलों में डिजिटल तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। एचडीएफसी बैंक और एआरओ फाउंडेशन के सहयोग से स्मार्ट क्लास-रूम की यह पहल विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी होगी। उन्होंने दोनों संस्थाओं को इसके लिए धन्यवाद दिया। लोरमी नगर पालिका के अध्यक्ष सुजीत वर्मा, मुंगेली जिला पंचायत की सदस्य अनिता साहू और लोरमी जनपद पंचायत की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पेस्ट फिल तकनीक से कोयला खनन करने वाला पहला कोल पीएसयू बनेगा एसईसीएल

❒ एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज के बीच रू. 7040 करोड़ की परियोजना के लिए हुआ समझौता

कोरबा | आरएनएस

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कोयला खनन में पेस्ट फिल तकनीक का उपयोग करने वाली पहली कोयला कंपनी बनने जा रही है। भूमिगत खनन की इस पर्यावरण-हितैषी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच रू. 7040 करोड़ की परियोजना के लिए समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिलिंग तकनीक द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा। 25 वर्षों की अवधि में इस परियोजना के माध्यम से अनुमानित 84.5 लाख टन (8.4 मिलियन टन) कोयला उत्पादन किया जाएगा।

क्या है पेस्ट फिलिंग तकनीक?- पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक है, जिसमें खदान से कोयला निकालने के पश्चात उत्पन्न रिक्त स्थान को विशेष पेस्ट से भरा जाता है। यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार किया जाता है। इस तकनीक के प्रयोग से खनन उपरांत भूमि के धंसने (सबसिडेंस) का खतरा नहीं रहता, और सतह की भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। इसके अलावा, इस तकनीक में औद्योगिक अपशिष्टों का पुन: उपयोग किया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है।

सिंघाली खदान में नया अवसर- सिंघाली अंडरग्राउंड खदान को वर्ष 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए अनुमोदित किया गया था और इसका संचालन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ। वर्तमान में इस खदान में लगभग 8.45 मिलियन टन जी-7 ग्रेड की नॉन-कोकिंग कोयले का रिजर्व उपलब्ध है। इस खदान का विकास बोर्ड एंड पिलर पद्धति से किया गया है, जिसमें भूमिगत संचालन के लिए लोड हॉल डंपर्स (एलएचडीएस) और यूनिवर्सल ड्रिलिंग मशीनें (यूडीएमएस) का उपयोग किया गया है।

हालांकि, खदान की सतही भूमि घनी आबादी से घिरी हुई हैकृजहाँ पर गाँव, हाई टेंशन लाइनें, सडक़ें आदि स्थित हैंकृजिसके कारण पारंपरिक केविंग विधियों का उपयोग सुरक्षा और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संभव नहीं है। सिंघाली भूमिगत खदान में सतह की भूमि का अधिग्रहण न हो पाने के कारण डिपिलरिंग कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा था। अब, पेस्ट फिलिंग तकनीक के माध्यम से इस खदान में पुनरू खनन कार्य आरंभ किया जा सकेगा।

एसईसीएल का हरित खनन की ओर कदम- इस परियोजना की कुल लागत रू. 7040 करोड़ है, और इसका प्रमुख उद्देश्य हरित खनन तकनीकों को बढ़ावा देना है। यह न केवल उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने कहा: एसईसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि पेस्ट फिलिंग तकनीक न केवल खनन के भविष्य को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक स्थायी और नवाचारी समाधान भी प्रस्तुत करेगी और आने वाले वर्षों में इससे खनन उद्योग को नई दिशा मिलेगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

बालोद | आरएनएस

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। ग्राम खैरवाही के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे आडेझर निवासी भूपेश कुमार कोमरे (19 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान समीर कोमरे (18 वर्ष) और नेमीचंद लोहार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों दोस्त पावर एक्सएल बाइक से डौंडी से अपने गांव लौट रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने ग्राम खैरवाही के पास उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर डौंडी पुलिस मौके पर पहुँची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कार चालक हादसे में सुरक्षित है और पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है।

हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग-रायपुर | आरएनएस

नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना मोहन नगर एवं आईसीसीयू ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से चिट्टा (हेरोइन) रख कर बिक्री करते पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 150 ग्राम चिट्टा(हेरोइन) कीमती करीब 12,00,000 रूपये एवं बिक्री की नगदी रकम 53,150 रूपये एवं तीन नग मोबाईल जप्त किए हैं। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत् वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दुर्ग ने बताया कि 18 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में दो तत्काल मोहन नगर पुलिस पहुंची। दो व्यक्ति को चिट्टा (हेरोइन) बिक्री करते पकड़ा गया।जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम गुरूदेव सिंग बीर्क पिता सुवेग सिंग उम्र 54 साल साकिन मोहकम वाला उर्फ अरैया वाला थाना मक्खु तहसील जिरा जिला फिरोजपुर पंजाब एवं राजविन्दर सिंग उर्फ लड्डू पिता अर्जुन सिंग उम्र 32 साल साकिन हाउसिंगबोर्ड एल0आई0जी0 2 क्वाटर नंबर 331 32 एकड थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग स्थायी पता ग्राम तालवंडी दासोदा सिंग थाना कत्थु नांगल जिला अमृतसर पंजाब का रहने वाले बताये तथा मादक पदार्थ चिट्टा को पंजाब से दुर्ग लाकर बिक्री करना स्वीकार किये।

रामपुर में नीर और नारी जल संरक्षण अभियान को मिली नई ऊर्जा

राजनांदगांव

जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नागरिकों को जागरूक करने जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम रामपुर में नीर और नारी संरक्षण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि जल है तो कल है। भूमिगत जल के स्तर में लगातार हो रही गिरावट चिंता का विषय है। हम सभी को जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव ब्लाक में भी भूमिगत जल का स्तर लगातार गिर रहा है। इसके लिए हमें जल संरक्षण के लिए बताये गये हर तरीके पर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूलबासन यादव ने कहा कि आज हर परिवार व हर गांव में नारियों को संगठित होने की आवश्यकता है, क्योंकि नारी ही नारायणी है। उसमें प्रकृति के संचालन की अपार शक्ति समाहित है। हर नारी अपनी शक्ति को पहचानें और परिवार व समाज को शिक्षित, संस्कारी एवं समृद्ध करने की दिशा में कार्य करें। गौरतलब है कि नीर और नारी संरक्षण अभियान अंतर्गत पद्म फूलबासन यादव के नेतृत्व में ग्राम रामपुर में जनपद उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू एवं सरपंच यतीश सिन्हा के सहयोग से एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव सीईओ अमिय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन से ग्रामीणों में जल सरंक्षण के प्रति जागरूकता लाने तथा लोगों को अभियान में जोड़े जाने के उद्देश्य से कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अभियान में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने नीर व नारी संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर पवन साय, खूबचंद पारख, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, भरत वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी , सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु , मंडल के प्रमुख डॉ नीरेंद्र साहू, रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं जनपद सदस्य डोंगरगांव रेशमा साहू, उमेश साहू, गेंदा बाई, ममता पटेल, जया साहू, दीपक पटेल, भुवन साहू, दीना पटेल, राजू यादव एवं आसपास के क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

वनमंत्री कश्यप ने लघुवनोपज प्रसंस्करण केंद्र का किया अवलोकन

❒ दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम जामगॉव (एम) में 110 एकड़ में स्थापित किया जा रहा है प्रसंस्करण ईकाई

रायपुर

प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन कर अद्यतन कार्यों का जायजा लिया। वनमंत्री ने यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने संबंधितों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल व जिला एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया जा रहा है।

वन मंत्री कश्यप ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद तथा गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात् वितरण आदि की भी जानकारी ली। वन मंत्री कश्यप ने सम्पूर्ण इकाई परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एक पेड़ माँ के नाम पर लोगों से पौध रोपण करने की अपील की। इस अवसर पर डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी, एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं अन्य विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मजदूरों की पिटाई का मामला: फैक्ट्री संचालक सहित चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

कोरबा | आरएनएस

नगर के खपराभट्ठा इलाके में अवैध रूप से संचालित की जा रही आइसक्रीम फैक्ट्री के संचालक ने एडवांस रकम मांगे जाने की बात को लेकर दो मजदूरों से क्रूरता की। किसी तरह भागकर वे राजस्थान के भीलवाड़ा पहुंचे और पुलिस से संपर्क किया तो सुनवाई नहीं हुई उल्टे वहां भी ठेकेदार के लोगों ने मारपीट की। किसी की सलाह पर भीलवाड़ा एसपी से मुलाकात होने और मारपीट का वीडियो देखने के बाद फौरन संज्ञान लिया गया। जीरो पर एफआईआर करने के बाद डायरी ऑनलाइन कोरबा भेजी गई। सिविल लाइन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि खपराभट्ठा क्षेत्र में अमानवीय घटना के शिकार हुए अभिषेक भांबी और विनोद भांबी अनुसूचित जाति से वास्ता रखते हैं। ये दोनों राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के निवासी हैं। कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने उन्हें आइसक्रीम फैक्ट्री में काम कराने के लिए कोरबा लाया गया था। काम करने के बाद वेतन देने की बारी आई तो आनाकानी शुरू हो गई। युवकों ने अग्रिम राशि की मांग की तो बदले में उन्हें यातना दी गई। प्लायर से नाखून निकालने की कोशिश की गई और करंट भी लगाया गया। किसी तरह आक्रांताओं से छूटकर युवक कोरबा से भागे और राजस्थान पहुंचे। उन्होंने वहां की पुलिस को इस बारे में कहानी बताई। दावा किया जा रहा है कि दूसरे क्षेत्रों की तरह राजस्थान पुलिस ने भी सेटिंग के लिए दबाव डाला। अच्छी बात यह रही कि किसी जानकार व्यक्ति के संपर्क में पीडित आए तो एसपी भीलवाड़ा तक मामला भिजवाया गया। उन्होंने मारपीट के वीडियो को अपने ट्वीटर एकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। इसके साथ ही पुलिस को शून्य पर मामला दर्ज करते हुए इसकी कापी ऑनलाइन माध्यम से कोरबा पुलिस को भिजवाई। आखिरकार यहां सिविल लाइन पुलिस ने मारपीट करने वाले फैक्ट्री संचालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

कोरबा सीएसपी भूषण ने बताया कि सिविल लाइन थाना में एक्ट्रोसिटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पीडित युवकों का मुलाहिजा (चिकित्सकीय परीक्षण) कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भीलवाड़ा पुलिस कोरबा आ रही है। वहीं सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि चार संदेही को हमने गिरफ्तार किया है।

इस घटना का वीडियो हाल में ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ जिसमें खपराभट्ठा इलाके में युवकों से बुरी तरह से मारपीट करने और यातना देने की तस्वीरें आम हुई। पीडित युवक जान की गुहार लगा रहे हैं और आरोपी उन्हें धमकी दे रहे हैं। बार बार युवक हाथ जोड़ रहे थे छोड़ दो। छोड़ दो की गुहार लगा रहे थे लेकिन उनके साथ किसी तरह की मानवता नहीं दिखाई गई। अब जब पुलिस ने मामला दर्ज किया है और भीलवाड़ा एसपी की सख्ती के बाद वहां की पुलिस अगली कार्यवाही के लिए कोरबा आ रही है तब आरोपियों की अक्ल ठिकाने आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।